

जडेजा ने यह उपलब्धि 53वें टेस्ट में हासिल किया

जडेजा ने बाउंड्री के जरिए यह उपलब्धि हासिल की। बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा ने ये कारनामा अपने 53वें टेस्ट में किया है। इससे पहले इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर इयान बॉथम (42 टेस्ट), दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव (50 टेस्ट), पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान और आर अश्विन ने 51 टेस्ट में यह रेकॉर्ड कायम किया था।

## ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का डबल धमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ नॉटिंघम टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली। जडेजा ने पहली पारी में 56 रन बनाए। इसके साथ ही बाएं हाथ के बल्लेबाज जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 2000 रन और 200 विकेट भी पूरे कर लिए। जडेजा टेस्ट में 2000 रन और 200 विकेट झटकने वाले भारत के 5वें जबकि ओवरऑल 21वें खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले भारत की ओर से पूर्व कप्तान कपिल देव, रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले और हरभजन सिंह यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। जडेजा ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 8 चौके और एक छक्का लगाया। भारत को पहली पारी में 95 रन की बढ़त हासिल हुई। इस बढ़त में जडेजा और ओपनर केएल राहुल का अहम योगदान रहा।

# पहलवान बजरंग पूनिया ने ब्रॉन्ज जीत रचा इतिहास


**तोक्यो ओलिंपिक**

## पुरुषों के फ्री स्टाइल 65 किलो वर्ग कुश्ती स्पर्धा में जीती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तोक्यो। भारत के स्टार पहलवान बजरंग पूनिया ने तोक्यो ओलिंपिक खेलों के पुरुषों के फ्री स्टाइल 65 किलो वर्ग कुश्ती स्पर्धा का ब्रॉन्ज मेडल जीतते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने कजाखस्तान के डाउलेट नियाजबेकोव को 8–0 से एकतरफा हराया। इसके साथ ही भारत के पदकों की संख्या 6 हो गई है, जो लंदन ओलिंपिक–2012 के कराबर है।

पहले राउंड में दोनों ही पहलवान आक्रामक दिखे। बजरंग ने हालांकि बेहद चतुराई से दो पॉइंट लेते हुए 2–0 की बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में जब मुकाबल शुरू हुआ तो बजरंग अलग ही अंदाज में नजर आए। उन्होंने विपक्षी पहलवान बिल्कुल भी मौका नहीं दिया। पूनिया ने लगातार 2, 2, 2 पॉइंट्स लेते हुए बढ़त 8–0 की कर ली। उन्हें पॉइंट्स के आधार पर विजयी घोषित कर दिया गया।



**तोक्यो ओलिंपिक में सफरः** इससे पहले बजरंग पूनिया को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। इसके साथ ही उनका गोल्ड और सिल्वर जीतने का सपना अधूरा रह गया था। पूनिया अजरबैजान के पहलवान हाजी अलीव से 5–12 से हार गए थे। बता दें कि बजरंग ने सफर की शुरुआत किर्गीस्तान के अर्नाजार अकमातालिएव को हराकर की थी। इसके बाद क्वॉर्टर फाइनल में ईरान के मुर्तजा चेका घियासी के खिलाफ अनुभव और कौशल का शानदार इस्तेमाल करते हुए जीत दर्ज कर सेमीफाइनल पहुंचे थे।

**कुश्ती में पदक का इतिहासः** केडी जाधव भारत को कुश्ती में पदक दिलाने वाले पहले पहलवान थे जिन्होंने 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। उसके बाद सुशील ने बीजिंग में कांस्य और लंदन में रजत पदक हासिल किया। सुशील ओलंपिक में दो व्यक्तिगत स्पर्धा के पदक जीतने वाले अकेले भारतीय थे लेकिन बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने कांस्य जीतकर बराबरी की।

लंदन ओलंपिक में योगेश्वर दत्त ने भी कांस्य पदक जीता था। वहीं साक्षी मलिक ने रियो ओलिंपिक 2016 में कांस्य पदक हासिल किया था। 2020 में रवि दहिया ने सिल्वर मेडल जीता।

# ओलिंपिक में गोल्ड मेडल से चूकी खिलाड़ी तो कोच ने घोड़े को मारा मुक्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तोक्यो। ओलिंपिक महिला 'मॉडर्न पेंटाथलॉन' प्रतियोगिता के दौरान घोड़े को मारते हुए वीडियो सामने आने के बाद जर्मनी की एक कोच को खेलों से निलंबित कर दिया गया। टीवी फुटेज में दिखाया गया है कि कोच किम रेस्नर 'सेंट बॉय' नामक घोड़े पर प्रहार कर रही है। यह घोड़ा स्पर्धा के दौरान शो जंपिंग दौर में बाड़ (रुकावट) को नहीं कूदा था, जिससे जर्मनी की खिलाड़ी अन्निका श्लेउ स्वर्ण पदक जीतने से चूक गई।



**तोक्यो ओलिंपिक तक के लिए किया गया निलंबितः** अंतरराष्ट्रीय मॉडर्न पेंटाथलॉन संघ ने रेस्नर की वीडियो फुटेज की जांच के बाद कहा, ''ऐसा लग रहा कि वह अपने मुक्के से घोड़े पर प्रहार कर रही है और उनका यह कदम नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। हालांकि, आपको बता दें कि रेस्नर का निलंबन केवल तोक्यो ओलंपिक के लिए लागू रहेगा, जो रविवार को समाप्त हो रहा है।

**प्रतिस्पर्धा के 20 मिनट पहले मिलते हैं घोड़ेः** घुड़सवारी के मॉडर्न पेंटाथलॉन स्पर्धा में अश्वारोहियों को अनजान घोड़े पर निर्धारित समय के भीतर जंपिंग कोर्स पर करतब (खेल) करना होता है। इस प्रतिस्पर्धा के लिए सिर्फ 20 मिनट पहले प्रतियोगियों को उनके घोड़े दिए जाते हैं।

## अब सिर्फ टीम इंडिया ही जीतेगी नॉटिंघम टेस्ट, इंग्लैंड नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ खेल रही है। सीरीज का पहला मैच 4 अगस्त से नॉटिंघम में शुरू हुआ है जिसके तीन का खेल खत्म हो चुका है। चौथे दिन के खेल से पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत के जीत की भविष्यवाणी कर दी। भारत के पहली पारी में 95 रन की अहम बढ़त हासिल की थी।

टेस्ट सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया ने शानदार गेंदबाजी के दम पर मेजबान इंग्लैंड को पहली पारी में महज 183 रन पर ही ढेर कर दिया। इसके बाद 278 रन बनाते हुए 95 रन की अहम बढ़त हासिल की और अब अगर बारिश ने दखल नहीं डाली तो टीम इंडिया जल्दी से जल्दी इंग्लैंड के 10 विकेट हासिल करना चाहेगी। भारतीय टीम का इरादा मेजबान को जल्दी समेटने का होगा ताकि लक्ष्य छोटा हो जीत के लिए सामने। वॉन ने कहा, मुझे लगता है कि चौथे दिन भी थोड़ी बहुत बारिश होने वाली है, यह शायद इंग्लैंड की टीम के बचा ले। ट्रेंट ब्रिज में हेवी रोलर का उपयोग होता है।

## न्यूज डायरी



### मामूली अंतर से ओलिंपिक पदक चूकीं गोल्फर अदिति अशोक, चौथे स्थान पर रहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। भारत की अदिति अशोक ओलंपिक खेलों की गोल्फ स्पर्धा में पदक से मामूली अंतर से चूक गईं। खराब मौसम से प्रभावित चौथे दौर में तीन अंडर 68 का स्कोर कर अदिति चौथे स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर 15 अंडर 269 रहा और वह दो स्ट्रोक्स से चूक गईं।

ओलिंपिक में ऐतिहासिक पदक के करीब पहुंची अदिति ने सुबह दूसरे नंबर से शुरुआत की थी लेकिन वह पिछड़ गईं। रियो ओलिंपिक में 41वें स्थान पर रही अदिति ने हालांकि आशातीत प्रदर्शन किया है।

आखिरी दौर में उन्होंने पांचवें, छठे, आठवें, 13वें और 14वें होल पर बर्डी लगाया और नौवें तथा 11वें होल पर बोगी किए। दुनिया की नंबर एक गोल्फर नैली कोरडा ने दो अंडर 69 के साथ 17 अंडर कुल स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। जापान की मोने इनामी और न्यूजीलैंड की लीडिया को के बीच रजत पदक के लिए प्लेऑफ खेला गया जिसमें इनामी ने बाजी मारी।

### घर चलाने के लिए चंडीगढ़ में पार्किंग की पर्चियां काट रहीं बॉक्सर रितु

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चंडीगढ। तोक्यो में ओलिंपिक गेम्स चल रहे हैं। भारतीय खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लेने पहुंचे हैं। अबतक भारत ने 5 पदक अपने नाम किए हैं, लेकिन कई पदक ऐसे रहे जिसे मामूली अंतर से हारने के बाद हम मन मसोस कर रह गए। हालांकि इस बीच कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं जिन्हें देखकर तो यही कहा जा सकता है कि जब हमारे खिलाड़ियों की हालत ऐसी होगी तो भला हम उनसे इतने बड़े प्लेटफॉर्म पर पदक जीतने की उम्मीद कैसे पाल सकते हैं? चंडीगढ़ से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें रितु नाम की एक युवा बॉक्सिंग प्लेयर पार्किंग की पर्चियां काट रही हैं। ऐसी स्थिति में खेल के साथ–साथ उनके मनोबल पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। बॉक्सर रितु बताती हैं कि उनको अपने घर का खर्चा चलाने के लिए यह काम करना पड़ रहा है। उनके पिता बीमार चल रहे हैं, ऐसे में घर चलाने के लिए उन्हें अपने गेम को छोड़ना पड़ गया।

### अब जब भी मिलना मिष्टी दही की हांडी लेते आनाः गावस्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और वीरेंद्र सहवाग को खुलकर अपने दिल की बात रखने के लिए जाना जाता है। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज में यह दोनों कमेंट्री पैनल का हिस्सा है। मैच के दौरान होने वाले शो के दौरान दोनों ने मौजूदा बीसीसीआइ अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के बारे में खास बात की। उन्होंने दादा को लेकर शिकायत की जिसमें सहवाग ने भी साथ दिया। नॉटिंघम टेस्ट के तीसरे दिन के खेल के बीच जब ब्रेक चल रहा था तभी गावस्कर और सहवाग मैच के साथ–साथ बाकी चीजों के लेकर चर्चा कर रहे थे। इस शो के दौरान दोनों ही पूर्व क्रिकेटरों के लिए कोलकाता की मशहूर मिष्टी दही मेज पर रखी गई थी। सहवाग ने इसे खाना शुरू किया तो गावस्कर ने इससे जुड़ा खास किस्सा सुनाया। कैसे जब वह टीम की कप्तानी करते थे तो सौरव गांगुली के पिता उनके लिए कोलकाता जाने पर खास तौर पर मिष्टी दही और रसगुल्ला का इंतजाम किया करते थे।

### श्रीलंका से भारत लौटे युजवेंद्रा चहल और कृष्णप्पा गौतम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के लेग स्पिनर युजवेंद्रा चहल और ऑलराउंडर कृष्णप्पा गौतम, श्रीलंका से स्वदेश लौट गए हैं। हाल ही में श्रीलंका के वनडे और टी–20 सीरीज के दौरे के दौरान कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद दोनों खिलाड़ी वहां से टीम के साथ लौट नहीं सके थे। अब दोनों कोरोना से रिकवर होने के बाद भारत लौट आए हैं। भारत आने पर, चहल ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट की जहां उन्होंने अपने प्रशंसकों को उनके ठीक होने के बारे में एक अपडेट दिया। बता दें कि दौरे पर चहल ने दो वनडे और एक टी–20 मैच खेले और शानदार प्रदर्शन किया।